दिनांक 30.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने अंडा चौक स्थित कार्यालय में लोगों की सुनी समस्याएं

भिलाईनगर/ खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड वासियों की समस्याओं के निराकरण के लिए अंडा चौक में महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों की समस्याएं सुनी! श्री यादव ने अंडा चौक स्थित कार्यालय में पहुंचकर वार्ड वासियों की विभिन्न समस्याओं से रूबरू होकर उसके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए!

तत्पश्चात समीप स्थित दोनों स्कूलों का निरीक्षण श्री यादव द्वारा किया गया जहां पर स्कूली बच्चों से मुलाकात करते हुए पढ़ाई के संबंध में विद्यार्थियों से जानकारी ली! विद्यालय परिसर में पानी भर जाने की जानकारी मिलते ही विद्यालय का पूर्ण निरीक्षण श्री यादव द्वारा किया गया जहां पर उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग बनवाने के लिए जोन क्रमांक 04 संजय बागड़े को निर्देश दिए, पूर्व से परिसर में वाटर हार्वेस्टिंग निर्मित किया गया था

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!